**खबर संक्षेप**

### लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों को कराया गया जिला जेल का भ्रमण



**छिंदवाड़ा।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा के विद्यार्थियों को जिला जेल अधीक्षक प्रतीक जैन के निर्देशन में विधिक सहायता प्रकोष्ठ एवं कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जिला जेल का भ्रमण कराया गया। छिंदवाड़ा जिला जेल के उप अधीक्षक ज्ञानांशु भारतीय ने लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों को जेल बैरक, अस्पताल, मुलाकात कक्ष, सभा कक्ष आदि का भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान के एलएलबी 6 वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उप अधीक्षक से जिज्ञासा भरें प्रश्न पूछें, जिसका उन्होंने सहजता के साथ उत्तर दिया। साथ ही बंदियों की दिनचर्या भी जानीं। जेल का भ्रमण करने वाले दल में सहायक प्राध्यापक डॉ दम्यंती कटरे, डॉ स्नेहा कुमारी, कमलेश चरपे समेत 41 विद्यार्थियों ने भ्रमण किया। इस भ्रमण दल में चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अपराध एवं दण्ड शास्त्र विषय के अन्तर्गत कारागार व्यवस्था प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी प्राप्त की ।

### संबल हितग्राहियों को मिले 3,44,00,000 रू



**पांढुर्ना।** आज पांढुर्ना जिले में 160 संबल योजना के हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से 3,44,00,000 रू वितरीत किए गए। इसमें जनपद पंचायत पांढुर्ना में 67, जनपद सौंसर में 57, नपा पांढुर्ना में 14, नपा सौंसर में 7, नपा पीपला ना. वार में 5, नपा लोधिखेडा में 3, नपा मोहगांव में 7 हितग्राही शामिल है।

## शासकीय गौशाला की दुर्दशा पर हुआ निगम में हंगामा, गौमाता के जय के लगे नारे

# गौमाता की तड़प की से गूंज उठा नगर निगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

वैसे तो नगर निगम छिंदवाड़ा में भाजपा शासित सरकार है। परंतु काम भाजपा के आदर्शों के अनुरूप नहीं हो रहे है। शासकीय गौशाला में लापरवाही का शिकार होती दर्जनों गौमाता के दर्द को निगम के पदाधिकारी महसूस करने को तैयार को नहीं है। गौमाता की सेवा में लापरवाही करने वालों पर वे समिति के बाद जांच के बाद कार्रवाई करने की बात करते है तो विपक्ष अड़कर निगम में नारेबाजी करता है। स्पष्ट है कि अगर लापरवाह अधिकारियों को कार्रवाई नहीं करना है तो पहले जांच एजेंसी बनाते है फिर महीनों कागजों में काम चलता है और नतीजा जस की तस ही होता है। बैकडोर एंट्री नियुक्ति मामले में भी ऐसा ही हुआ। बन रही है जांच समिति, हो रहा कार्य की तर्ज पर कागजी खेल चलता रहता है। कोई ठोस कार्यवाही देखने को नहीं मिलती। गौशाला में तड़पती गायों पर और वहां की दर्दुशा पर हमदर्दी दिखाने वाला न तो कोई अधिकारी है न ही कोई जनप्रतिनिधि पद, सत्ता और धन के मोह ने गौमाता के बुरे हाल कर रखे है। कार्रवाई होगी तब तक न जाने कितनी गौमाता काल के गाल में समा जाएगी।

नगर निगम की गौशाला में गायों की दयनीय स्थिति को लेकर शुक्रवार को नगर निगम सदन में परिषद की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस और भाजपा पार्षदों के बीच इस मुद्दे पर तीखी बहस हुई। कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल हटाने की मांग की, जबकि भाजपा पार्षदों ने पहले जांच कमेटी गठित करने की बात रखी। इस दौरान सदन में 'गौ माता की जय' के नारे भी गूंजे।

### कांग्रेस पार्षदों ने की जल्द कार्रवाई की मांग

नेता प्रतिपक्ष हर्षा अंबर दाढ़े ने गौशाला में हो रही लापरवाही का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम की गौशाला में गायों की स्थिति बेहद खराब हो गई है, लेकिन प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। कांग्रेस पार्षदों ने लापरवाह कर्मचारियों को हटाने और गौशाला की व्यवस्था में सुधार की मांग की।

### भाजपा पार्षदों ने जांच कमेटी बनाने का दिया सुझाव

भाजपा पार्षदों ने बिना जांच के कार्रवाई करने को अनुचित बताते हुए पहले एक कमेटी गठित करने की मांग की। उनका कहना था कि जब तक स्थिति की पूरी जांच नहीं हो जाती, तब तक किसी के खिलाफ सख्त कदम उठाना सही नहीं होगा।

### आयुक्त की अनदेखी से बढ़ा विवाद

निगम अध्यक्ष सोनू मांगो ने बताया कि कांग्रेस पार्षद पहले भी गौशाला की बदहाल स्थिति को लेकर नगर निगम कमिश्नर के पास शिकायत लेकर गए थे, लेकिन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे नाराज पार्षदों ने सदन में जमकर विरोध दर्ज कराया।

### बजट चर्चा के बाद होगा फैसला

मेयर और नगर निगम कमिश्नर ने तत्काल कोई निर्णय लेने से इंकार करते हुए कहा कि पहले एक जांच कमेटी बनाई जाएगी, जो गौशाला की स्थिति की समीक्षा करेगी। इसके बाद ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, कांग्रेस पार्षदों ने इस प्रस्ताव पर असहमति जताते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की। पिछले दिनों मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आया था कि प्रतिदिन एक गाय की मृत्यु हो रही थी और पशु चिकित्सक भी गायों की समुचित देखभाल नहीं करते है।जिसके कारण आदर्श गौशाला की गाय दुर्दशा की



शिकार हो रही है। गौशाला की दुर्दशा को लेकर नगर निगम में हुए इस हंगामे के बाद अब सवाल यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाएगा और क्या गौशाला की बदहाल स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कार्रवाई होगी या नहीं। इसमें जलकर और संपत्तिकर में वृद्धि को लेकर भी विपक्ष घेरने की तैयारी में है।काफी लंबी बहस के बाद दोपहर 1.42मिनिट पर बजट पास हुआ।

# पीआईसी में पारित हुए 30 प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज नगरपालिका में संपन्न हुई पीआयसी की बैठक मे बजट के अलावा विकास कार्यो से संबंधित अनेक प्रस्ताव पारित किए गए। 2025-2026 के लिए अनुमानित आयु 928745000 तथा अनुमानित व्यय 9286700499 रखा गया है। आज की बैठक में राजीव गांधी कॉम्पलेक्स प्रथम तल पर 1 एवं रिक्त भूमि पर 2 दुकान निर्माण, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण के दरों की पुष्टि, 2025-26 के लिए खनिज सामग्री खरीदने, खारी वार्ड में जयस्तंभ चौक से स्ट्रेचिंग ग्राउंड तक सीमेंट सडक निर्माण हेतु ऑनलाइन निविदा स्वीकृति की पुष्टि, 14 पार्षदों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त आवेदन पर विचार, खारी वार्ड में निर्माणाधीन पार्क की समयावधि बढाने पर विचार, शिवाजी वार्ड के सार्वजनिक शौचालय के उपर दुकानें बनाए जाने का विचार, नपा वेबसाइट एवं सॉफ्टवेयर मेंटेनन्स हेतु निविदाएं आमंत्रित कराने पर विचार, घनपेठ वार्ड में बबलु शेख के घर से सैयद अली के घर तक सीमेंट सडक बनाने, नगरपालिका के लिए 4 पहिए वाल वाहन किराए पर लेने, एमडीआरएफ योजना के तहत ठेकेदार द्वारा किए गए डिवाइट्रिंग का भुगतान, सफाई कार्य को आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कराए जाने हेतु कार्यवाही की पुष्टि, जलप्रदाय विभाग हेतु एलम एवं ब्लिचिंग खरीदी, जलप्रदाय शाखा में संचालन एवं संधारण हेतु लगने वाली सामग्री, , 2025-26 हेतु टेंट डेकरोरशन की व्यवस्था, 2025-26 में पेंटिंग कार्य, बैनर एवं फ्लेक्स की निविदा, कर्मचारियों के अर्जित अवकाश प्रकरणों पर विचार, निकाय के दैनिक वेतनभोगियों को कलेक्टर दर पर भुगतान, सुंदरी रणुसरे की अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण पर विचार, जयश्री पति पंकज खोडे को दैनिक वेतनभोगी के रूप में रखे जाने, मीनाक्षी उर्फ रिया पति किरण माणिक ओरिया को पति की मृत्यु उपरांत नियुक्ति पर विचार तथा अन्य कुछ कर्मचारियों को कुशल रेट दिए जाने पर विचार यह प्रस्ताव पारित किए गए।



# गेहूं के अवैध परिवहन पर 38,750 रू पेनाल्टी

**पांढुर्ना ।** कल मध्यरात्री को मंडी उडनदस्ते ने एमची एच 1371 को गेहूं को बिना मंडी अनुज्ञा चुकाए चोरी से नागपुर की ओर अवैध परिवहन करते हुए धर दबोचा। इस वाहन में बैतूल जिले की अव्यान ट्रेडर्स पाढर का गेहूं लदा था। वाहन में 250 क्विंटल गेहूं जिसका मूल्य 612500 रू. था, इस पर 5 गुना टैक्स 30625, समझौता शुल्क 2000 रू तथा निराश्रीत शुल्क 6125 रू इस प्रकार कुल पेनाल्टी 38750 रू जमा कराई गई। यह कारवाई संयुक्त संचालक महोदय मंडी बोर्ड आंचलिक कार्यालय जबलपुर एवं भारसाधन अधिकारी पांढुर्ना के निर्देशन में हुई।

# मप्र हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्य आज छिंदवाड़ा में

## एक राष्ट्र,एक चुनाव पर राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव की जागरूकता के लिए जिला कार्यालय मंत्री अल्केश लाम्बा को जिला संयोजक एवं अधिवक्ता पीयूष शर्मा को सह संयोजक नियुक्त किया गया है।

जिला संयोजक अलकेश लम्बा ने बताया कि उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति रोहित आर्य 29 मार्च को छिंदवाड़ा आयेंगे। श्री लाम्बा ने बताया कि उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति रोहित आर्य मध्य प्रदेश भाजपा के 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पैनल के लिए के प्रदेश समन्वयक हैं। श्री लाम्बा ने बताया कि सांसद बंटी विवेक साहू के मुख्य आतिथ्य में एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की अध्यक्षता में एक राष्ट्र एक चुनाव पर राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन का आयोजन 29 मार्च दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से मोहन नगर स्थित सतपुड़ा लॉ कॉलेज में किया गया है।इस सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति रोहित आर्य संबोधित करेंगे। एक राष्ट्र, एक चुनाव जिला संयोजक अलकेश लम्बा ने जिले के निवासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने और न्यायमूर्ति रोहित आर्य के प्रभावशाली वक्तव्य को सुनकर लाभान्वित होने का आग्रह किया है।

### कौन है पूर्व न्यायमूर्ति रोहित आर्य

न्यायमूर्ति रोहित आर्य,मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ग्वालियर पीठ के न्यायाधीश,ने 12-09-2013 को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और 26-03-2015 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। न्यायमूर्ति रोहित आर्य का जन्म 28 अप्रैल1962 को हुआ था।न्यायमूर्ति रोहित आर्य अगस्त 1984 में अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत हुए तथा 26 अगस्त,2003 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किए गए।न्यायमूर्ति रोहित आर्य ने 29 से अधिक वर्षों तक सिविल कानून, वाणिज्यिक (कॉर्पोरेट फिड्युसरी, आदि), मध्यस्थता (अंतरराष्ट्रीय/घरेलू), प्रशासनिक,सेवा,श्रम कानून, कर कानूनों के क्षेत्र में वकालत की तथा विभिन्न निकायों का जैसे कि केंद्र सरकार, एसबीआई,दूरसंचार विभाग, बीएसएनएल,कर्मचारी राज्य बीमा निगम,आयकर विभाग प्रतिनिधित्व किया। न्यायमूर्ति रोहित आर्य 16 सितम्बर 2013 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा 26 मार्च 2015 को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किये गये एवं 27 अप्रैल, 2024 को रिटायर हुए।



## दमुआ को पूर्ण तहसील शीघ्र बनाने की उठ रही मांग

**दमुआ।** दमुआ को उप तहसील से पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाने के लिए व्यापारी मंडल का कहना यह है कि दमुआ क्षेत्र में अधिक पंचायत एवं अधिक गांव आते हैं चुकी है। एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और यहां दमुआ के लोगों को पूर्ण तहसील कार्य हेतु अधिक दूरी अधिक दूरी व अधिक आर्थिक भार का सामना करना पड़ता है क्योंकि दमुआ की वर्तमान में सभी खदान बंद है एवं दमुआ में कोई भी उद्योग व रोजगार के पर्याप्त साधन नहीं है जिसके चलते संपूर्ण दमुआ का व्यापार ग्रामीण क्षेत्रों पर ही निर्भर है। अतः दमुआ को पूर्ण तहसील का दर्जा मिलता है तो भविष्य में कार्यालय विकासखंड जनपद, न्यायालय ,अनुविभागीय कार्यालय इत्यादि खुल सकते हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ दोनों का भी भविष्य उज्जवल हो सकता है। दमुआ को पूर्ण तहसील का दर्जा मिलता है तो भविष्य में और विश्वास की कार्यालय ऑफिस जैसे विकासखंड जनपद ऑफिस महिला अनुविभागीय महिला बाल विकास स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग पीडब्ल्यूडी वन विभाग पुलिस विभाग कृषि विभाग बिजली विभाग जैसे कार्यालय खुल सकते हैं और इसी संबंध में आज विधायक से पूर्ण तहसील बनाए जाने को लेकर माननीय विधायक जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र 122 विधायक सुनील ऊईके जी का कहना है आप समस्त दमुआ के नागरिकों की जायज मांग है और मैं आप सभी की बातों का समर्थन करता हूं कि दुनिया को शीघ्र तहसील बनाना चाहिए एवं मैं स्वयं विधायक होने के नाते इस बात को विधानसभा में जरूर उठाऊंगा और दमुआ को उप तहसील से पूर्ण तहसील को शीघ्र तहसील बनाया जाए माननीय शिवराज सिंह जी चौहान मुख्यमंत्री थे उस समय उन्होंने स्वयं कहा था और यह घोषणा भी किया था।



## अखिल भारतीय ग़ज़ल गायन प्रतियोगिता तरन्नुम नवाज़ का आयोजन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विश्व प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक चंदन दास एवं विविध भारती मुंबई के उद्घोषक यूनुस खान रहेंगे उपस्थितसाहित्य, संगीत, संस्कृति को समर्पित जिले की संस्था युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच विगत वर्षों से कला की विभिन्न विधाओं से जुड़ी प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए लगातार स्तरीय आयोजनों के माध्यम से कार्य कर रही है इसी श्रृंखला में आज 29 मार्च शनिवार की शाम 4:00 बजे से अखिल भारतीय ग़ज़ल गायन प्रतियोगिता तरन्नुम नवाज़ का आयोजन स्थानीय खजरी रोड स्थित होटल में किया गया है इस संदर्भ में अधिक जानकारी देते हुए संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग़ज़ल गायन विधा से जुड़ी प्रतिभाओं का प्रोत्साहन एवं उन्हें मंच प्रदान करना है विगत महीनों में ऑनलाइन माध्यम से चयनित देशभर की टॉप 10 प्रतिभाएं इस प्रतियोगिता में अपने हुनर दिखाएंगी एवं विजेता प्रतिभाओं को ₹तरन्नुम नवाज़₹ की उपाधि से नवाज़ा जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाओं के उत्साहवर्धन हेतु विश्व प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक चंदन दास एवं विविध भारती मुंबई के उद्घोषक यूनुस खान विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। संस्था जिले के समस्त संगीत, कला एवं ग़ज़ल प्रेमियों से आयोजन को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील करती है।

# श्री रामनवमीं छोटी बाजार से निकलेगी शोभायात्रा

**श्री राम की आकर्षक झांकियों का होगा संयोजन, शहर में चल रही जोरों की तैयारियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री राम जन्म उत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए शहर के हृदय स्थल श्री राम मंदिर में बैठक का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी ने भाग लिया। सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट की बैठक में सर्वप्रथम जुलाई 2025 से मार्च 2025 तक का आय एवं व्यय का ब्यौरा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सुभाष साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इसके उपरांत सभी सदस्यों ने भगवान राम के जन्मोत्सव को भव्य रूप प्रदान करने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। मंडल के अध्यक्ष मुकुल सोनी ने बताया कि श्री रामनवमी के अवसर पर प्रातः 10:00 बजे झंडा वंदन किया जावेगा। उसके साथ ही मन्दिर में भजन, कीर्तन एवं आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया है।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों के सुझाव पर श्री तुलसी रामायण मंडल, संगीत रामायण मंडल, श्री रामलीला मंडल के साथ ही श्री संतोषी माता मंदिर एवं सुंदरकांड ग्रुप के साथ ही अन्य धार्मिक संस्थाओं ने अपनी झांकी को शोभायात्रा में सम्मिलित होने की सहमति प्रदान की गई।

बैठक की अध्यक्षता अरविंद प्रताप सिंह ने की जबकि आभार व्यक्त आशु चौरसिया द्वारा किया गया। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रमुख कस्तूरचंद जैन, राजू चरणागर, सतीश दुबे लाला, अरविंद प्रताप सिंह, मुकुल सोनी, नन्हे शर्मा, अरविंद राजपूत, रामेश्वर चौरसिया, अनिल सेठिया, सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला, रोहित द्विवेदी, अंशुल शुक्ला, राजेंद्र आचार्य, सुभाष साहू, निखिल विश्वकर्मा, शुभम कसार सहित अन्य उपस्थित रहे।



# रमज़ान-उल-मुबारक पर खास पेशकश, मुस्लिम भाईयों में उत्साह

**दर खुदा की रहमत के हैं हर दम खुलेअलविदा माह-ए-रमजान**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

आज जुमातुल विदा है, यानी रमजन का आखिरी जुमा, जो बताता है कि माहे रमजान अब हमारे दरमियान चंद दिन का मेहमान है। रमजान अब जुदा होने को है और आंखें अब रोने को हैं। अल-विदाई जुमा पर बन्दे यह महसूस करते हैं कि रोजा और तरावीह की बरकृत, सहरी व इफ्तार की लज्जतें, ये रौनकें, यह चहल पहल अब खत्म होने को है।

क्या मालूम अगले साल हमें रमज़ान नसीब हो या न हो, लिहाजा यह ख्याल इबादत में और दिल लगा देता है, जिससे रब से नजदीकी बढ़ती है।पाकीज़गी (पवित्रता), परहेज़गारी और खुद पर काबू (आत्मनियंत्रण) के साथ रखा गया रोजा इबादत की अलग ही लज्जत देता है। अमूमन साल में 11 महीने तक इंसान दुनियादारी की उलझनों में फंसा रहता है। लिहाजा अल्लाह ने रमजान का महीना आइडियल लाइफस्टाइल के लिए तय किया है। रोजा अच्छी जिंदगी जीने की तरबियत (प्रशिक्षण) है। इसी के तहत रमज़ानुल मुबारक के आखिरी अशरे में इबादत की गरज से बहुत से बन्दे मस्जिद में ठहरकर रब की तरफ मुतवज्जोह होते हैं, इस ध्यान को एतिकाफ़ कहते हैं। एतिकाफ अरबी जुबान का लफ्ज़ है, जिसके मानी ठहर जाने और खुद को रोक लेने के हैं।

औरतें घर के किसी कोने में इबादत कर रब से लौ (ध्यान) लगाती हैं और मर्द मस्जिद में इबादत करते हैं। दुनियादारी से बेखबर होकर सुबह-शाम, सोते जागते सिर्फ जिक्रे इलाही में हर लम्हा, रूह को सुकून, दिल को राहत सी महसूस होती है। एतिकाफ़ का मक़सद और उसकी रूह दिल को अल्लाह की पाक जात के साथ वाबस्ता (कनेक्ट) कर लेना और खुद को मौला-ए-कायनात के सुपुर्द कर देना है, कि सब तरफ से ध्यान हटकर सिर्फ रब के ख्यालात व पाक ज़िक्र के साथ बस खुदा की मुहब्बत दिल में समा जाए। एतिकाफ़ करने वालों की मिसाल उस शख्स की-सी है कि मांग पूरी न होने तक धरना पर बैठ जाते हैं। किसी के दर पर जा पड़े कि जब तक दरख्वास्त कुबूल न हो, टलने का नहीं।निकल जाए दम तेरे कदमों के नीचे यही दिल की हसरत, यही आरजू है।अगर हकीकृतन यही हाल हो तो सख्त से सख्त दिल पसीजता है और अल्लाह की शान तो करम वाली है, जो बख्शीश के लिए बहाना ढूंढती है। बल्कि वे बहाना इनायत फ़रमाते हैं। इसलिए हालात कैसे भी हों, बन्दे को मायूस नहीं होना चाहिए और अपनी अर्जी व दरख्वास्त लगाते रहना चाहिए, क्योंकितू वह दाता है कि देने के लिए दर तेरी रहमत के हैं हर दम खुले।

## कलेक्टर ने स्कूली शिक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने के दिए निर्देश

# अब लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: अधिकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चौरई के कुशल मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरई विकासखंड चौरई के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में संचालित कक्षा 1 से 8 के प्रभारी शिक्षकों की बैठक अनुविभागीय अधिकारी प्रभात मिश्रा ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार बघेल एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विजय पवार की उपस्थिति में आयोजित की गई। एसडीएम द्वारा आगामी सत्र 2025-26 में आगामी सत्र से प्रारंभ 1 अप्रेल 2025 को प्रवेशोत्सव मनाने एवं शैक्षणिक स्तर पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया सभी शिक्षको को समय पर शाला में उपस्थित होने तथा बच्चो को नियमित अध्यापन कार्य कराने तथा जिन शिक्षको द्वारा लापरवाही बरती जाएगी उन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिन शिक्षको के द्वारा अच्छा कार्य किया जावेगा उन्हे सम्मानित किया जावेगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शासन द्वारा संचालित कार्यो को सभी शिक्षकों द्वारा समय सीमा में पूर्ण करने तथा शैक्षणिक स्तर सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाने हेतु निर्देशित किया गया ।विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विजय पवार द्वारा आगामी सत्र में बच्चो का कक्षा 1 में न्यूनतम 5 बच्चो का नामांकन तथा अप्रेल माह के प्रवेशोत्सव के संबंध में समस्त शालाओ में गतिविधियां संचालित करने तथा शाला का विधिवत संचालन हेतु प्रकाश डाला गया ।बैठक में संकुल प्राचार्य महेन्द्र अवस्थी, रामजी वर्मा, कुसुम साहू, नीलिमा ठाकुर, अनिल तागड़े, रामावतार उइके बीएसी सुधीर विश्वकर्मा सीएसी, जयनाथ चौरिया चरणलाल कनौजिया फिरदौस अंसारी एवं समस्त जन शिक्षा केन्द्र के शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रही।

### वार्ड क्रमांक 11 से हटेगा मांसाहारी मार्केट, लोगों को मिली राहत

# नपा साधारण सम्मेलन में 10 प्रस्ताव पर लगी मोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



नगर पालिका परिषद सौसर के सभागृह में शुक्रवार को साधारण सम्मेलन की बैठक संपन्न हुई है। बैठक नपा अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा उपस्थित में संपन्न हुई।बैठक के दौरान पार्षदों अधिकारियों की उपस्थिति में सभी 10 प्रस्ताव पर मोहर लगाई गई,बैठक में पार्षदों के द्वारा नगर में चल रहे विकास कार्य की समय समय पर जानकारी नहीं मिलने को लेकर रोष व्यक्त किया,नपा प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए बजट स्वीकृति,स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत लिक्वीड वेस्ट मॅनेजमेन्ट निर्माण कार्य का स्थल ग्राम बेलगांव कि भूमी से मोक्षधाम की रिक्त भूमी पर करने बाबद दी गई सहमती,मराठी शाला डिस्मेन्टल उपरांत भूमी उपलब्ध कराने हेतू प्रिमीयम राशि 85 लाख जमा करने,नगरीय क्षेत्र मे विभिन्न स्थानो पर सोलर पॅनल लगाये जाने,वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए साप्ताहिक बाजार फिस वसुली ऑनलाईन निविदा में प्राप्त उच्चतन निविदा दर स्वीकृती,वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बस स्टेण्ड पार्किंग ठेका हेतु ऑनलाईन निविदा में प्राप्त उच्चतम निविदा दर बोलीकर्ता द्वारा ठेका लेने से मना करने से द्वितीय निविदाकार कि निविदा स्वीकृती,गौशाला में जमा गोबर खाद हेतु प्राप्त निविदा उच्चतम दर करने आदि प्रस्ताव पर मोहर लगाई गई है।

### वार्ड नं 11 से हटाया जायेगा मटन मार्केट

रबैठक के दौरान सर्वसम्मति से वार्ड क्रमांक 11 मैं संचालित हो रहे मटन मार्केट को अन्यत्र स्थानांतरित करने का प्रस्ताव भी लिया गया है, हालांकि मटन मार्केट को नगर के किस स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा इसको लेकर जगह चिन्हित होना बाकी है,इस दौरान पार्षद श्रीमती मृणालिनी झाडे, अर्चना वरुड़कर, शीतल हेडाऊ, आशा बेड़े, संगीता उफाट, एड रवीशंकर धुर्वे,सुनील खंडाइत,रामकृष्ण राउत, योगिता बोडखे,भुवनेश्वर तरारे,श्रीमती गीता मारबते,प्रशांत ठाकरे, राजस्व प्रभारी रमन बागडे, आदि उपस्थित थे।

### धीरज जायसवाल बने महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**सौंसर।** अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर मोदी के द्वारा सौसर निवासी धीरज जायसवाल को महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, मिली जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय जायसवाल महासभा की ओर से जारी हुए नियुक्ति पत्र में बताया महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी की बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारणी समिती में कर्मठ, निष्ठावान, जागरुक, सकारात्मक विचारधारा वाले वरिष्ठ समाजसेवी को सम्मिलित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है,जिसमें सौसर निवासी धीरज जायसवाल को 2025 से लेकर 2028 तक महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है, संस्था से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी ने विश्वास किया है कि श्री जायसवाल के सानिध्य में महासभा कलचुरी समाज की सामाजिक चेतना, विकास, कल्याण एवं शक्तिशाली संगठन के रूप में उभरकर राष्ट्र की मुख्यधारा में सहभागी बनकर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा । महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर धीरज जायसवाल ने महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन का विस्तार करने एवं समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए आगामी समय में कार्य करने की बात कही है।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर धीरज जायसवाल का सौसर जायसवाल समाज की ओर से स्वागत सत्कार कर बधाइयां दी गई है।



## प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृत आवासों का सामाजिक आंकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर पालिका जुन्नारदेव क्षेत्र में स्वीकृत आवासो के सामाजिक आंकलन हेतु मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौधोगिकी संस्थान, भोपाल (MANIT) को केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है। इस संदर्भ में (MANIT) की टीम 29-30 मार्च 2025 को नगर पालिका जुन्नारदेव में निरीक्षण करेगी। इस टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे कृष्ण कुमार घोटे प्राध्यापक, MANIT Bhopal, श्रीमति प्रीति ओंकर-सहा. प्राध्यापक MANIT Bhopal, जे.के. जैन सहायक यंत्री संचालनालय भोपाल एवं डां बसत राव जरैलिया सामाजिक विकास विशेषज्ञ SLTC संचालनालय के द्वारा किया जावेगा। 29 मार्च को नगर पालिका द्वारा जन सुनवाई का आयोजन नगर पालिका जुन्नारदेव के सभाकक्ष में किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी लाभार्थी हितग्राही इस जन सुनवाई में आमंत्रित हैं।

### जल के संरक्षण के लिए, जल आंदोलन की शुरुआत करें

**छिंदवाड़ा।** बिना पानी के न जीवन चल सकता हे,ओर न खेती की जा सकती है, न पशु पाले जा सकते है और ना ही जीवन जिया जा सकता हैं। जल के महत्व कोजन जन तक पहुचाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के तत्वावधान मे शासकीय महाविद्यालय मे किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता, श्यामल राव ने उपस्थित जनो को बताया की प्रथ्वी के जल का 97.5 प्रतिशत भाग समुद्र मे खारे जल के रुप मे है ओर केवल 2.5 प्रतिशत जलही मीठा पानी है,प्रथ्वी पर कचल 25 प्रतिशत भाग ही पीने योग्य है इसमे से89 प्रतिशत पानी कृषी कार्यो मे एवं 6 प्रतिशत पानी उधोगों मे खर्च हो जाता है।

## सौंसर ब्लॉक में 24707 निशुल्क पुस्तकों का होगा वितरण

### शासकीय शालाओं के बच्चों को मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

मध्यप्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी से 12वीं तक बच्चों को निशुल्क पुस्तक वितरण योजना के अंतर्गत शुक्रवार को शिक्षा विभाग की ओर से सौसर ब्लॉक के शासकीय शालाओं को कक्षा 9 वी से लेकर तो 12वीं तक के पुस्तकों का वितरण सहायक शिक्षा संचालक रश्मि उइके की प्रमुख उपस्थिति और मार्गदर्शन में किया गया, मिली जानकारी के अनुसार सौसर ब्लॉक की सभी कक्षा 9वी से लेकर 12वीं तक के शासकीय शालाओं को नवीन शिक्षा तंत्र 2025 26 के अंतर्गत लगभग 24707 पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है। ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में संचालित होने वाली कक्षा नौवीं से लेकर 12वीं के किताबे शिक्षा विभाग सौसर कार्यालय पुराना उर्दू भवन से जारी की जा रही है, इस दौरान सहायक शिक्षा संचालक रश्मि कुमरे, प्राचार्य विजय धुरड़े, मिलिंद बसोड़ अरविंद ढूंड़े आदि उपस्थित थे।शिक्षा विभाग कार्यालय की ओर से सभी सौसर ब्लॉक के शिक्षकों को नवी से 12वीं तक के पुस्तक के प्राप्त करने को लेकर निर्देशित किया गया है।

## अब श्री हनुमान लोक का होगा और तेज गति से विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद प्रशासन न्यास ने बनाई कार्ययोजनाकलेक्टर के साथ मंदिर कमेटी पदाधिकारी की हुई बैठकफ़ोटोसौसर--प्रदेश के श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र जाम सांवली स्थित चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान करने की दिशा में मंदिर कमेटी की ओर से महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 23 मार्च को जाम सांवली मंदिर में दर्शन और प्रथम चरण के कार्यों के अवलोकन उपरांत द्वितीय चरण की स्वीकृति की घोषणा की गई थी। मुख्यमंत्री की घोषणा को मूर्त रूप देने के लिए शुक्रवार को न्यास कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में कलेक्टर एवं न्यास प्रबंधक अजय देव शर्मा की अध्यक्षता में, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड,श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, मंदिर पदाधिकारियों ने भाग लिया। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के अधीक्षण यंत्री राजीव श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि श्री हनुमान लोक परियोजना के प्रथम चरण के कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कर लिए जाएंगे।

द्वितीय चरण के तहत भक्तों के लिए सुविधाओं का विस्तार करते हुए दर्शन वेटिंग हॉल , श्री हनुमान प्रदर्शनी हॉल कम प्रवचन हॉल , सर्वसुविधायुक्त भक्त निवास, विशाल पार्किंग क्षेत्र, श्रद्धालुओं हेतु विश्रामालय तथा मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।इस संबंध में पर्यटन विकास निगम की आर्किटेक्ट श्रीमती संगीता वैश्य, नई दिल्ली द्वारा द्वितीय चरण की विस्तृत योजना प्रस्तुत की गई, जिसमें आधुनिक वास्तुकला, परंपरागत धार्मिक मूल्यों का समावेश करते हुए निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने की रूपरेखा बनाई गई। इस दौरान एसडीओ सुधांशु चौरसिया,दादाराव बोबडे,टीकाराम कारोकर, मनोहर शेलकी, नितिन मोहगावकर,शिशिर खंडार, अजय धवले,नितिन बागानी आदि थे।

## जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक सम्पन्न

**बालाघाट।** मप्र शासन द्वारा इस वर्ष 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान क्रियान्वित किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास प्रारम्भ कर दिए गए है। जनभागीदारी से संचालित होने वाले इस अभियान की राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय रूपरेखा के संबंध में शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ ने जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में बारिश से पूर्व धरातल पर जल व वृक्ष संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य स्तर से बनाई गई रूपरेखा के साथ ही जिला स्तरीय तैयारियों के सम्बंध में बताया गया। जिला पंचायत सीईओ श्री सराफ ने बताया कि इस अभियान में मनरेगा के तहत जल संरक्षण के लिए बलराम खेत तालाब, अमृत सरोवर सहित जन भागीदारी जल स्त्रोतों में मिलने वाले गंदे नालों या अन्य जल स्त्रोतों को खराब होने से बचाने के लिए सोखता गड्ढे बनाने के कार्य किये जायेंगे। अभियान में कुछ ऐसा करना है कि बारिश आने पर पूरा पानी बहकर न जा पाए, साथ ही वर्तमान में बह रहें जल का भी संरक्षण कर सके। इसके अलावा बारिश के आगमन से पूर्व नदी नाले और जल स्त्रोतों की साफ सफाई व पौधारोपण की तैयारी करना है।

धार्मिक व ऐतिहासिक धरोहरों को भी शामिल करना है
जिला पंचायत सीईओ श्री सराफ ने कहा कि अभियान के दौरान कुएं , बावड़ियों सहित धार्मिक व ऐतिहासिक धरोहरों की भी साफ सफाई की जानी है। वही जीर्णोद्धार के कार्य भी जनभागीदारी से किये जा सकेंगे। बैठक के दौरान बताया गया है कि नगरीय निकायों में सार्वजनिक स्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य मार्गो पर प्याऊ आवश्यक रूप से लगाई जाएगी। इसमे संस्थाएं सहयोगी बनें। साथ ही तालाबो की गाद निकाली जाना प्रस्तावित है। यह गाद किसानों को प्रदान की जाएगी।

### बजरंग घाट से होगा अभियान का शुभारंभ

सीईओ श्री सराफ ने बैठक के दौरान कहा कि जिला स्तर के साथ ही जनपद स्तर भी 30 मार्च से नदी किनारे अभियान का शुभारम्भ किया जाएगा। जिला स्तर पर बजरंग घाट वैनगंगा नदी पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रारंभिक अवसर पर एक-एक जल संरचनाओं का भी भूमिपूजन किया जाएगा। बैठक में एसडीएम श्री गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन, जिला पंचायत डीडीसी सविता मरकाम जनपद समन्वयक वैजयंती कटरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति उमरे,रोटरी क्लब के श्री आशीष मिश्रा, गुड्डू कौशल, मुकेश ठाकुर, नवांकुर संस्था के हंसराज मेश्राम, मनोज सुलाखे,भावना श्रीवास्तव व विनय गोयल उपस्थित रहें।

## बारिश से पूर्व धरातल पर जल व वृक्ष संरक्षण की तैयारी

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक सम्पन्न

बालाघाट। मप्र शासन द्वारा इस वर्ष 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान क्रियान्वित किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास प्रारम्भ कर दिए गए है। जनभागीदारी से संचालित होने वाले इस अभियान की राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय रूपरेखा के संबंध में शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ ने जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में बारिश से पूर्व धरातल पर जल व वृक्ष संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य स्तर से बनाई गई रूपरेखा के साथ ही जिला स्तरीय तैयारियों के सम्बंध में बताया गया। जिला पंचायत सीईओ श्री सराफ ने बताया कि इस अभियान में मनरेगा के तहत जल संरक्षण के लिए बलराम खेत तालाब, अमृत सरोवर सहित जन भागीदारी जल स्त्रोतों में मिलने वाले गंदे नालों या अन्य जल स्त्रोतों को खराब होने से बचाने के लिए सोखता गड्ढे बनाने के कार्य किये जायेंगे। अभियान में कुछ ऐसा करना है कि बारिश आने पर पूरा पानी बहकर न जा पाए, साथ ही वर्तमान में बह रहें



जल का भी संरक्षण कर सके। इसके अलावा बारिश के आगमन से पूर्व नदी नाले और जल स्त्रोतों की साफ सफाई व पौधारोपण की तैयारी करना है।

### धार्मिक व ऐतिहासिक धरोहरों को भी शामिल करना है

जिला पंचायत सीईओ श्री सराफ ने कहा कि अभियान के दौरान कुएं , बावड़ियों सहित धार्मिक व ऐतिहासिक धरोहरों की भी साफ सफाई की जानी है। वही जीर्णोद्धार के कार्य भी जनभागीदारी से किये जा सकेंगे। बैठक के दौरान बताया गया है कि नगरीय निकायों में सार्वजनिक स्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य मार्गो पर प्याऊ आवश्यक रूप से लगाई जाएगी। इसमे संस्थाएं सहयोगी बनें। साथ ही तालाबो की गाद निकाली जाना प्रस्तावित है। यह गाद किसानों को प्रदान की जाएगी।

### बजरंग घाट से होगा अभियान का शुभारंभ

सीईओ श्री सराफ ने बैठक के दौरान कहा कि जिला स्तर के साथ ही जनपद स्तर भी 30 मार्च से नदी किनारे अभियान का शुभारम्भ किया जाएगा। जिला स्तर पर बजरंग घाट वैनगंगा नदी पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रारंभिक अवसर पर एक-एक जल संरचनाओं का भी भूमिपूजन किया जाएगा। बैठक में एसडीएम श्री गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन, जिला पंचायत डीडीसी सविता मरकाम जनपद समन्वयक वैजयंती कटरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति उमरे,रोटरी क्लब के श्री आशीष मिश्रा, गुड्डू कौशल, मुकेश ठाकुर, नवांकुर संस्था के हंसराज मेश्राम, मनोज सुलाखे,भावना श्रीवास्तव व विनय गोयल उपस्थित रहें।

## गौवंश व अवैध शराब परिवहन के मामलों में 7 वाहन राजसात करने के आदेश

### 32 किलों 500 ग्राम गौमांस का परिवहन करने पर स्कूटी होगी राजसात

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी श्री मृणाल मीना ने गौवंश व अवैध शराब परिवहन के 7 मामलों में 1 पिकअप व 1 बोलेरो सहित 05 दोपहिया वाहनों को राजसात करने के निर्णय 27 मार्च को सुनाए है। इसमें 5 आबकारी अधिनियम और 02 गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत उपयोग में लाये वाहनों को राजसात करने के आदेश किये है। मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4/9 व 5/9 के तहत आदेश किया गया है। 29 नवंबर 2024 को सलमान शेख पिता अब्दुल अजीज द्वारा स्कूटी से 32 किलो 500 ग्राम गौमांस का परिवहन करते वारासिवनी पुलिस द्वारा पकड़ा गया था। मामला वारासिवनी थाने में पंजीबद्ध किया गया। जिला दंडाधिकारी श्री मीना ने गौमांस का परिवहन करने पर स्कूटी वाहन क्रमांक एमपी -50-जेबी-6524 को राजसात करने के आदेश 27 मार्च को किये है। इसी तरह थाना वारासिवनी के ही एक अन्य प्रकरण में कृष्णकुमार भगत को पिकअप वाहन टाटा एस क्र. एमएच -16-सीसी -1837 में अवैध रूप से 3 नग मवेशियों (गौवंश) को परिवहन करते हुए पकड़ा गया था। अवैध परिवहन करने वाले पिकअप वाहन को राजसात करने के आदेश 27 मार्च को ही किया गया है। इसके अलावा थाना किरनापुर अंतर्गत आबकारी प्रतिषेध अधिनियम के तहत वाहन क्रमांक एमपी-50-टी -0905 व एमपी-50 टी- एमएम 9137 को, थाना कटंगी अंतर्गत वाहन क्रमांक एमपी -31-एल -922 तथा एक वाहन थाना लालबर्रा अंतर्गत एमपी-50-एमपी 4611और रामपायली थाना के अंतर्गत वाहन क्रमांक एमपी-50-जेडए-2725 को आबकारी अधिनियम के तहत जप्त कर राजसात किया गया है। आबकारी अधिनियम में अवैध परिवहन के मामले में जप्तशुदा वाहनों में दो पहिया वाहनों में 04 मोटर साइकिल व 01 बोलेरो वाहन शामिल है।

## मनुष्य की अधिकांश समस्या का कारण पाचन संबंधी विकार

**वारासिवनी।** शासकीय एस एस पी महाविद्यालय वारासिवनी के प्रांगण में 28 मार्च को एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन इंटीग्रेटेड योग चिकित्सा, विज्ञान एवं ध्यान विषय पर किया गया। इस व्याख्यान कार्यक्रम हेतु विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य स्वामी आदित्य देव जी महाराज युवा भारत केंद्रीय प्रभारी पतंजलि योगपीठ उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रफुल्ल बिसेन अध्यक्ष जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूज्य स्वामी सनातन देव जी महाराज योगपीठ हरिद्वार अनिल सेन प्रभारीयुवा भारत मप्र, डेली राम कावरे प्रभारी युवा भारत बालाघाट, भेजेंद्र चौधरी शिविर संयोजक वारासिवनी, दशरथ राम बिसेन जिला प्रभारी पतंजलि योग समूह बालाघाट, लखन साहू सह राज्य प्रभारी मप्र, कन्हैया खैरवार सरपंच सिकंद्रा, विनय सुराणा सदस्य शिविर, सुरेंद्र बिसेन योग शिक्षक रिटायर्ड इंस्पेक्टर बीएसएफ, विवेक जी मीडिया प्रभारी, गणेश सिंह ठाकुर वरिष्ठ पत्रकार वारासिवनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर योग शिक्षक भेजेंद्र चौधरी द्वारा योग की महत्ता एवं पूज्य स्वामी आदित्य देव जी महाराज का संक्षिप्त परिचय, उनकी महिमा एवं उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि विनय सुराणा ने भी सभी को संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि पूज्य स्वामी सनातन देव जी महाराज द्वारा स्वामी जी द्वारा बनाए गए विभिन्न वल्ड रिकॉर्ड, योग का महत्व, भक्ति संगीत, सभी युवाओं को जागरूक करने संबंधी संदेश दिया। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। मुख्य अतिथि व मुख्य विषय विशेषज्ञ पूज्य स्वामी आदित्य देव जी महाराज द्वारा सभी को संबोधित करते हुए विभिन्न रोगों से निवारण संबंधी महत्वपूर्ण योगाभ्यास एवं प्राणायाम कराया गया। स्वामी जी द्वारा बताया गया कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास हो सकता हैं। भोजनग्रहण करने के तरीके को बताते हुए स्वामी जी ने सभी को निर्देशित किया किव्यक्ति को जीने के लिए खाना चाहिए, ना कि खाने के लिए जीना चाहिए।स्वामी जी द्वारा बताया गया कि मनुष्य की अधिकांश समस्या का कारण पाचनसंबंधी विकार होता हैं, इससे बचने के लिए अनुलोम-विलोम करने की सलाह दीगई। उन्होंने सभी को प्रातः काल 4 बजे उठने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन द्वारा योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्वामी जी को अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु धन्यवाद प्रेषित किया गया। अंत में प्राचार्य डॉ. हेमंत मंडाले ने सभी को संबोधितकिया। आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य डॉ मिथिलेश्वरी घोरमारे द्वारा योग की दैनिक जीवन में आवश्यकता, महाविद्यालय में संचालित आधार पाठ्यक्रम योग की संक्षिप्त जानकारी एवं मंचासीन व उपस्थित समस्त अतिथि महाविद्यालय परिवार छात्र-छात्राओं को धन्यवाद प्रेषित किया गया। मंच संचालन प्रो कृष्णा पराते व कार्यक्रम संयोजन विकास साहू द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम व्यवस्था एवं कार्यक्रम निरीक्षण महाविद्यालय मुख्य लिपिक डी0एल0 एड़े द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, नियमित कार्यालयीन कर्मचारी, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी शिक्षक, आउटसोर्स कर्मी,जन भागीदारी ऑपरेटर एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## म.प्र. उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत हजारों बच्चों के लिए देवदूत बनकर आए, होली के बाद ही दे दिया दीवाली का उपहार

**भूआबिछिया।** चीफ जस्टिस सुरेश कैत एवं विवेक जैन की पीठ द्वारा स्कूलों के रजिस्टर्ड कियायानामा की शर्त पर रोक लगाते हुए शासन को अपना जवाब प्रस्तुत करने हेतु 6 हफ्तों का समय दिया गया है।शासन द्वारा बनाए गए नए-नए निराधार नियमों के कारण हजारो बच्चों का भविष्य अधर में में लटक गया था। हजारों लोगों पर बेरोजगारी का खतरा मंडराने लगा था। हजारों स्कूलों के बंद होने की नौबत आ गई थी, मान्यता नवीनीकरण हेतु लगभग 4842 स्कूल आवेदन ही नहीं कर पाए थे।ऐसे में माननीय चीफ़ जस्टिस का ये फैसला सभी के लिए राहत देने वाला है। भारत सरकार 2009 के निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 2011 में मप्र में यह अधिनियम लागू किया गया तब रजिस्टर्ड किराया नामा व सुरक्षा निधि ओर प्रत्येक वर्ष का मान्यता शुल्क ऐसे कोई भी नियम निर्धारित नहीं किए गए थे। 20 से 25 वर्षों से संचालित स्कूल रजिस्टर्ड किराया नामा के कारण स्थाई रूप से बंद होने की कगार पर आ गए थे,30 से 40 प्रतिशत स्कूल संचालकों ने नोटरी कृत किरायानामा लगाकर आवेदन किया जिनकी मान्यता निरस्त हो रही हैं। नए नियमों से लगभग 7 से 8 हजार स्कूलों के बंद होने की संभावना है जिसमें कार्यरत शिक्षक शिक्षिका व कर्मचारी बेरोजगार हो सकते हैं,निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम में पढ़ने वाले बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं। इन सभी समस्याओं को मप्र प्राईवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद भागवत, प्रदेश सचिव अरविंद मिश्रा सहसचिव अनुराग भार्गव और कौषध्यक्ष मोनू तोमर सलाहकार विकास अवस्थी जबलपुर के सहयोग से अधिवक्ता सुश्री स्मिता वर्मा अरोरा ने प्राईवेट स्कूलों की समस्याओं को माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय के सामने प्रस्तुत किया जिससे सहमत होते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने 7 मई 2025 तक 6 जनवरी 2023 के राजपत्र अधिसूचना को स्थगित रखा है। सभी प्राईवेट स्कूलों को उम्मीद हैं आशा है कि प्राईवेट स्कूलों को 7 मई को बड़ी राहत मिलेगी। प्राईवेट स्कूलों ने जबलपुर उच्च न्यायालय का आभार व्यक्त किया है।

# आदेगांव की जनता कराह रही पानी पानी को... ?


फाईल फोटो

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन छब्बी लाल कमलेशिया**
आदेगांव : गर्मी के शुरूआती दिनों में पानी की किल्लत से आदेगांव क्षेत्र के लोग जूझ रहे हैं। और आदेगांव क्षेत्र के ग्रामीण कराह रहें हैं पीने के पानी के लिए मजबूर हैं। और ग्राम पंचायत आदेगांव के कर्णधार सड़क नाले बनाने में ब्यस्त है विधायक योगेंद्र सिंह बाबा के द्वारा आदेगांव ग्राम पंचायत को दो पानी के टेंकर दिये गये है मगर उन टेंकरों का ठेकेदार निजी उपयोग कर रहे हैं। जिससे कहीं न कहीं आदेगांव ग्राम के लोगों के प्रति बिधायक योगेंद्र सिंह बाबा और ग्राम पंचायत आदेगांव के ठेकेदारों के प्रति आक्रोश बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। क्या बिधायक योगेंद्र सिंह बाबा के पीछे-पीछे घूमने वाले ये चंद लोगों के लिए ही विधायक योगेंद्र सिंह बाबा द्वारा विधायक निधि से टेंकर दिया है? जबकि विधायक योगेंद्र सिंह बाबा को भी अच्छी तरह से जानकारी है आदेगांव में पानी की कितनी किल्लत यह बात समूचे जिले के अधिकारियों को भी पता है मगर आज तक इस समस्या का समाधान नहीं निकला जनता तक आज भी पानी एक सप्ताह में भी नही पंहुच रहा है बिधायक योगेंद्र सिंह बाबा द्वारा ग्राम पंचायत आदेगांव को पूर्व में भी टेंकर दिया गया था किंतु वे टेंकर कहां पर है ? इस बारे में ना विधायक को ना ही पंचायत को जानकारी है। दो पानी के टेंकर विधायक जी द्वारा दिये गये है और दौनो ही लापता हैं क्योंकि ठेकेदार उनका उपयोग निजी कार्य में कर रहे हैं। और विधायक जी के करीबी बता रहे और खूब नाम बदनाम भी कर रहे हैं क्या विधायक योगेंद्र सिंह बाबा को भनक नहीं है इन भ्रष्ट ठेकेदारों की जो अपने आपको विधायक जी के खास बताते फिरते हैं या उनके सिर पर विधायक का हांथ है अगर हांथ नहीं है तो क्या विधायक जी उन ठेकेदारों पर करेंगे कार्यवाही जो शासकीय टेकंर से पानी बेचते हैं। और पर भरपूर निजी लाभ लेते हैं शासकीय टेंकरों को चंद पैसों के लिए नुकसान पहुंचा रहे हैं। और ग्रामीणों को प्यासा रखकर पैसा कमा रहे हैं क्या जनपद जिला के अधिकारियों को पता नहीं चलता या अखबार में समाचार लगाने के बाद अधिकारी क्यों सुध नहीं लेते जबकि जिला पंचायत सी ई ओ के व्हाट्सएप पर भी जानकारी दी गई है पानी की हां-हां कार को लेकर मगर कार्यवाही शून्य अब देखना होगा बिधायक योगेंद्र सिंह बाबा के टेंकरों का निजी उपयोग करने वाले ग्राम पंचायत आदेगांव के ठेकेदारों पर बिधायक योगेंद्र सिंह बाबा क्या कार्यवाही करवाते है।या नहीं जनता का कचूमर निकल रहां पानी के लिए मगर निर्लज्ज जनप्रतिनिधि आंख बंद करके सो रहे हैं



## आग का ताड़व जारी:15 मिनट में 13 एकड़ लगी फसल जलकर खाक

सिवनी जिले के छपारा तहसील के खटकर गांव में आज एक बड़ी आगजनी की घटना सामने आई। शुक्रवार सुबह 11 बजे किसान मतीन पटेल के खेत में अचानक आग लग गई। महज 15 मिनट में 13 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** *प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस, राजस्व विभाग और दमकल को सूचना दी। दमकल की टीम और स्थानीय किसानों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। राजस्व विभाग के पटवारी ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।*
*स्थानीय किसानों ने भी आग बुझाने में की मदद सिवनी जिले में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। प्रशासन ने गर्मी के मौसम में आग से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। किसानों से नरवाई न जलाने की भी अपील की गई है, क्योंकि इससे आग का खतरा बढ़ जाता है।*

## छपारा में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण आज

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



छपारा बस स्टैंड परिसर में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण 29 मार्च को किया जाएगा। यह आयोजन प्रांत स्तरीय समारोह की तरह होगा। प्रतिमा 15 फुट ऊंची और तीन टन वजनी है, जिसे करीब पांच महीने पहले स्थापित किया गया था। समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मौजूद रहेंगे। राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, सिवनी-मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और मप्र के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम, अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह और सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन भी उपस्थित रहेंगे। क्षत्रिय समाज के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ठा. जयकेश सिंह, महिला अध्यक्ष अनुराधा सिंह और वर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह सहित कई समाजिक लोग भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में शाम 5 बजे से प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज़ अख्तर अपनी प्रस्तुति देंगी। बस स्टैंड परिसर में मंच का निर्माण किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए एक विशेष रूट चार्ट तैयार किया गया है। आयोजन समिति ने नगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजनांतर्गत 657 संबल हितग्राहियों के खातें में पहुंची 14 करोड़ 32 लाख अनुग्रह सहायता राशि

**सिवनी ।** सहायक श्रम पदाधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शुक्रवार 28 मार्च 2025 को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना की अनुग्रह सहायता राशि का हितलाभ वितरण हितग्राहियों को मुख्यमंत्री कार्यालय में एंटी चेंबर से सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त हितलाभ कार्यक्रम में सिवनी जिले के कुल 657 संबल हितग्राहियों के खातें में कुल 14 करोड़ 32 लाख की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक कर डी.बी.टी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खातों में भुगतान की गई। हितलाभ वितरण कार्यक्रम का लाईव प्रसारण जिला स्तर पर एन.आई.सी. केन्द्र एवं ब्लॉक स्तर पर समस्त जनपद कार्यालयों एवं नगरीय निकायों के सभाकक्ष में किया गया।

## स्ट्रीट वेंडर, चार्ट-फुलकी एवं ठेले वालों का फास्ट्रेक ट्रेनिंग का निशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद सुरक्षा प्रशासन विभाग सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश शासन के निर्देशानुसार अमजनों को गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लेकर विभाग द्वारा सतत स्कूलों, कॉलेजों, हाट बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों में विभागीय जांच दल द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से जन जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाती है।

इसी परिपेक्ष्य में विगत दिवस को स्ट्रीट वेंडर चार्ट-फुलकी एवं ठेले वालों को स्वच्छ एवं साफ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री निर्माण करने एवं स्वस्थ खाद्य सामग्री बनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु फास्ट्रेक ट्रेनिंग का निशुल्क प्रशिक्षण शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सिवनी में आयोजित किया गया। शिविर में आर.वे. कंसलटेंसी सर्विस एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न खाद्य सामग्री निर्माण करने खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वस्थ एवं स्वच्छता युक्त परिवेश में मिलावट रहित स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री निर्मित करने संबंधी दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए हेतु जागरूक किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सोनू तिवारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025 में एफएसएसएआई द्वारा निर्मित पोर्टल में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग सिवनी लगातार की गई लीगल सर्विलेंस नमूना कार्रवाई एवं चलानी कोर्ट कार्रवाई में मध्यप्रदेश में सभी जिलों में से टॉप रैंक में चल रहा है। इससे दर्शित होता है कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग सिवनी द्वारा अमानका खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं विक्रय करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं पर नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अमानका खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं विक्रय करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं से मौका स्थल पर खाद्य पदार्थों के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला पहुंचाते हुए नियमानुसार कार्यवाही कर प्रकरण एडीएम कोर्ट एवं सीजीएम कोर्ट में पेश किए जाते हैं एवं चालानी कार्यवाही की जाती है साथ ही प्रकरणों को त्वरित विभागीय पोर्टल पर दर्ज किया जाता है।

### सात माह बाद ब्रिज नंबर-94 बनकर तैयार, टावर वैगन चलाने की अनुमति

## रीवा-इतवारी एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों के जल्द चलने की जगी आस

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत सिवनी-छिंदवाड़ा-इतवारी रेल सेक्शन में भंडारकुंड से भीमालगोंदी के बीच नवनिर्मित ब्रिज नम्बर-94 पर ओएचई लाइन के कार्य के लिए टावर वैगन चलाने की अनुमति मिल गई है। बुधवार को बिलासपुर से पहुंचे अधिकारियों ने ब्रिज का निरीक्षण किया।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

उन्होंने नवनिर्मित ट्रैक एवं ब्रिज पर अधिकतम 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से टावर वैगन चलाने की अनुमति भी दे दी। टावर वैगन से ओएचई कार्यो की फिनिशिंग पूरी की जाएगी। इस काम में एक से दो दिन का समय लगेगा। सबकुछ ठीक ठाक रहा तो 29 मार्च या फिर 1 अप्रेल को इलेक्ट्रिक इंजन से ब्रिज पर स्पीड ट्रायल भी किया जा सकता है। इसके बाद सीआरएस से अप्रूवल मिलने के बाद इस ट्रैक पर ट्रेनों का परिचालन शुरु हो सकता है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को बिलासपुर से रेलवे के कंस्ट्रक्शन विभाग के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आलोक तिवारी ब्रिज का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उनके साथ रेलवे के संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी थे। उन्होंने कार्यों को लेकर संतोष जताया था। एक माह पहले तक ब्रिज नंबर-94 का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा था। हालांकि कुछ दिनों से कार्य काफी तेज हो गया। जिसका परिणाम यह रहा कि ब्रिज के साथ ही दोनों तरफ 500-500 मीटर का ट्रैक भी बनकर तैयार हो गया। अब केवल पीएचई लाइन के कार्यों को अंतिम रूप देना शेष रह गया है। नियम के अनुसार ब्रिज नंबर-94 एवं ट्रैक के निर्माण के बाद कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी(सीआरएस) का निरीक्षण कराना जरूरी है। हालांकि रेलवे से जुड़े जानकारों का कहना है कि अगर सीआरएस चाहें तो जोनल स्तर पर ही एक कमेटी का गठन करके ट्रैक एवं ब्रिज का निरीक्षण करा सकते हैं। कमेटी के हरी झंडी देने के बाद ट्रैक से ट्रेनों का परिचालन शुरु हो जाएगा। रेलवे से जुड़े जानकारों का कहना है कि सीआरएस या फिर कमेटी ने निरीक्षण के बाद ट्रैक को अप्रूव कर भी दिया तो भी शुरु में एक्सप्रेस ट्रेन नहीं चलाई जाएगी। पहले मालगाड़ी और फिर पैसेंजर ट्रेन चलाने के बाद ही एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। हालांकि यह रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों पर ही निर्भर करेगा।

25 अगस्त 2024 को पांढुर्ना जिले के सौंसर में अधिक वर्षा होने के कारण रेलवे ब्रिज नंबर-94 में दरार आ गई। एसएससी इंजीनियरिंग सौंसर ने इसकी जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को दी। जिसके बाद ट्रैक को सस्पेंड कर दिया गया। ब्रिज में दरार की सूचना जैसे ही बिलासपुर जोन एवं रेलवे बोर्ड को लगने पर हडक्रंप मच गया। रेलवे बोर्ड से आई टीम ने ब्रिज में आई दरार को लेकर काफी जांच पड़ताल की। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई। लगभग दो माह बाद नए ब्रिज निर्माण के लिए दोनों तरफ आधा-आधा किलोमीटर की पटरी को भी उखाड़ दिया गया। इसके बाद कार्य शुरु हुआ।

अगस्त माह में ही इस रूट से चल रही अधिकतर ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया। वहीं नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस एवं शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस को डायवर्ट मार्ग से चलाया जा रहा है। रीवा-इतवारी एक्सप्रेस लगभग सात माह से निरस्त चल रही है। इस वजह से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### नए ट्रेनों की भी जगी आस

**यात्रियों को जबलपुर, नागपुर पहुंचने के लिए पर्याप्त ट्रेन की सुविधा नहीं है। जबकि सिवनीवासियों ने लंबे समय तक बड़ी रेल लाइन सुविधा का इंतजार किया है। ब्रिज नंबर-94 का कार्य पूरा होने के बाद अब जबलपुर से सिवनी होते हुए छिंदवाड़ा, सौंसर, इतवारी, नागपुर के लिए नई ट्रेनों की भी आस जग गई है।**

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया

## जलवायु परिवर्तन मानव स्वास्थ्य के लिये गंभीर खतरा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य विषय पर सीएमएचओ कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि जलवायु परिवर्तन मानव स्वास्थ्य के लिये एक गंभीर खतरा है जो स्वच्छ हवा, पानी, भोजन और आश्रय तक पहुंच को प्रभावित करता है, साथ ही संक्रामक रोगों के प्रसार को भी बढ़ाता है। जलवायु परिवर्तन से स्वच्छ हवा, पानी और भोजन की कमी, स्वास्थ्य के जोखिम, मानसिक स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रभाव,गरीबी एवं स्वास्थ्य असामान्यता जैसे प्रभाव दिखाई देते हैं। जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव कार्यक्रम का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करना होगा एवं जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभावों के लिये तैयार रहना होगा। इसके लिये हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत बनाना और जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर पडऩे वाले प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना होगा।



### प्राथमिक उपचार

जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. कमलेश द्वारा बताया कि रोगी को तुरंत छायादार स्था न पर कपडे ढीले कर लेटा दे एवं हवा करें। रोगी को होश ना आने की दशा में उसे ठण्डेर पेय पदार्थ जीवन रक्षक घोल एवं कच्चाा आम का पना आदि दें। प्यानज का रस ताप नियंत्रण हेतु लगाया जा सकता है।
रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए संभव हो तो उसे ठण्डेप पानी से स्ना न कराये या उसके शरीर पर ठण्डेर पानी की पटिटया रखकर पूरे शरीर को ढक दे इस प्रकिया को तब तक दोहराया जाये तब तक शरीर का ताप कम नहीं हो जाता है।

### गर्मी से बचाव के दिए टिप्स

जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ वन्दोना कमलेशद्वारा बताया गया किगर्मी से संबंधित बीमारियां, लक्षण, कारण, उपचार, हीट स्ट्रोकसे जनहानि हो सकती है। जनहानि को आवश्यबक सावधानी की समझाइस आमजनों को देकर इस प्रकोप से बचाया जा सकता है। गर्मी के समय में धूप से जाते समय हमेशा सफेद या हल्केर रंग के ढीले कपडों का प्रयोग करना चाहिए। बिना भोजन किये बाहर न निकलें व पानी पीकर ही बाहर निकलें। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग एवं कान व सिर को गमछे व तौलिया से ढंककर ही निकलें। रंगीन चश्मेंछ एवं छतरी का प्रयोग करने हेतु बताया गया। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीयें एवं पेय पदार्थो का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें।

## अग्रवाल समाज की महिलाओं ने उत्साह से मनाया गणगौर उत्सव



हरिभूमि न्यूज सिवनी

जबलपुर रोड़ स्थित अग्रसेन भवन में गणगौर उत्सव समारोह अग्रवाल समाज की महिलाओं व बेटियों ने उत्साह से मनाया। घर के रीति-रिवाज से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में नवविवाहि बेटियों ने हिस्सा लिया। राजस्थानी व मारवाड़ी लिवाज में सोलह श्रृंगार कर स नवविवाहित दुल्हनों ने रोचक तरीके से अपना व परिवार का परिचय देकर रैम्प वाक किया। इस दौरान नवविवाहिताओं से घरेलू कामकाज से संबंधित मनोरंजक सवाल पूछे गए। अग्रवाल समाज के अग्रोहा सखी मंच ने गणगौर उत्सव कार्यक्रम में दुल्हन के लिवाज में स नवविवाहित बेटियों का जोरदार स्वागत किया। इससे पहले सिवनी अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज श्री अग्रसेन व माता महालक्ष्मी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। सखी मंच पदाधिकारियों ने अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल (भालोटिया), महासचिव नरेश अग्रवाल, सहसचिव सुनील अग्रवाल, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल. अजय अग्रवाल संजय अग्रवाल व अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया। अग्रवाल समाज के महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अलका अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती शीतल अग्रवाल का मंच की ओर आत्मीय स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप

### श्री देवी भागवत पुराण 30 मार्च से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 30 मार्च 2025 से 06 अप्रैल 2025 तक होने जा रहा है जिसमें कथावाचक पंडित प्रवीण महाराज के द्वारा देवी भागवत का प्रवचन किया जाएगा यह बड़ा अत्यन्त हर्ष का विषय है कि माँ बंजारी मंदिर उगली-केवलारी रोड में देवी भागवत पुराण का आयोजन किया जा रहा है आयोजन समिति आम जनमानस से निवेदन किया है कि इस पावन पुनीत कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देते हुए तन-मन से सहयोग करते हुए अपने जीवन को लाभान्वित करने के पुण्य लाभ अर्जित करें। कथा स्थल-मॉ बंजारी मंदिर उगली-केवलारी रोड।



### भागवत कथा में सम्मिलित हुये विधायक रजनीश सिंह

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गुरुवार को केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने नर्मदा पैलेस केवलारी में परासपानी निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वरूपचंद्र बघेल के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में सम्मिलित होकर सहभागिता किया। सर्वप्रथम विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह में व्यासपीठ का पूजन कर कथा व्यास महाराज श्री का साल श्रीफल से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तदोपरांत विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने भागवत कथा के आयोजन में सम्मिलित होकर अमृतमयी भागवत कथा का श्रवण पान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। तदोपरांत विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ग्राम डोभ में महिला मण्डल समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन में सम्मिलित होकर व्यासपीठ का पूजन कथा व्यास महाराज श्री का साल श्रीफल से स्वागत वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में साथ ही समस्त क्षेत्रीय श्रद्धालु जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### डंपर और ट्रैक्टर की टक्कर एक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात कोहका कमकासुर गांव के पास डंपर और ट्रैक्टर की टक्कर में ट्रैक्टर चालक देवेंद्र बघेल की मौत हो गई। बता दें कि देवेंद्र बघेल ट्रैक्टर से चौरई से वापस लौट रहे थे। कोहका कमकासुर गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से उनका ट्रैक्टर टकरा गया। इस टक्कर में देवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और लखनवाड़ा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। लखनवाड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा किस तरह हुआ। पुलिस की लगातार चेतावनी के बावजूद लापरवाही से वाहन चलाने के कारण इस तरह के हादसे हो रहे हैं।



### समिता शर्मा और अर्पणा अवस्थी को मिली पीएचडी उपाधि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी का और अर्थशास्त्र विषय पर पदस्थ समिता शर्मा (कॉमर्स विषय) एवं अर्पणा अवस्थी (अर्थशास्त्र) विषय में मालवांचल विश्वविद्यालय इंदौर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई। कन्या महाविद्यालय परिवार ने इन दोनों को बधाई प्रेषित की एवं उज्वल भविष्य की कामना की है। समिता शर्मा एवं अर्पणा अवस्थी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने पति, माता-पिता और गुरुजनों को दिया।



**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के सम्मेलन में शामिल हुआ बालाघाट का प्रतिनिधि मण्डल

**बालाघाट।** राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन द्वारा दो दिवसीय 10वां व्यापार शिखर सम्मेलन नोएडा में गत दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें 7 प्रांतों के संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसमें बालाघाट से श्रीमती निशी सुनील पशीने, राष्ट्रीय महामंत्री महिला विंग मध्यप्रदेश, उमेश जैसवाल प्रदेश अध्यक्ष, श्रीमती सुशीला दुग्गड प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती मीना बिलगोर जिला उपाध्यक्ष एवं सुश्री उषा धुवारे मीडिया प्रभारी का समावेश था।कार्यक्रम में प्रथम सत्र में अंशुल सिरोही उपायुक्त नई दिल्ली, द्वितीय सत्र में एनएफएनई डायरेक्टर, तृतीय सत्र में दिल्ली मेट्रो के कंपनी सचिव, चतुर्थ सत्र दुष्यंत गौतम राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा, पंचम सत्र में कपिल देव अग्रवाल, कौशल विकास मंत्री उ.प्र. सरकार, छठवे सत्र में मुकेश मिश्रा प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति उत्तरप्रदेश शासन, सातवे सत्र में गौरव भाटिया राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा, आठवे सत्र में अनुराग ठाकुर लोकसभा सदस्य एवं पूर्व केन्द्रिय मंत्री भारत सरकार की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम में एक जिला एक उत्पाद, एमएसएमई और जेम पोर्टल पर व्यापारियों को सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं की पूरी जानकारी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दी गई। उनके द्वारा व्यापारियों को आश्वस्त किया गया। एक जिला एक उत्पाद के तहत मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी दी गई। सरकार की इन योजनाओं में व्यापारियों को कोई भी समस्या आती है तो अधिकारियों के मोबाइल नम्बर भी उपलब्ध कराये गये। पर्यटन के क्षेत्र में मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी प्रमुख सचिव पर्यटन के द्वारा दी गई। उक्त कार्यक्रम में सतमोला गुरप के एमडी तथा देश के कोने-कोने से आये कई उद्यमियों को भारत उद्यम अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमें बालाघाट का भी समावेश था।

## किरनापुर में पीपीटी, वीडियो व प्रोजेक्टर स्क्रीन के जरिये बताया गया पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम की महत्ता



**किरनापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना द्वारा द्वितीय चरण 27 से 29 मार्च को होगा प्रारंभ किया गया।आंगनबाड़ी केंद्रों में क्रियान्वित होने वाले पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के लिए तहसील की 2516 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरूवार से प्रारम्भ हो चुका है। प्रशिक्षण की निरानी एवं मूल्यांकन कोर्स डायरेक्टर श्रीमती अमृता कुजूर द्वारा किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम सत्र 24 मार्च से 26 मार्च एवं 27 से 29 मार्च तक 100-100आगंनवाड़ी कार्य कर्ता जिसमें सोमवार को प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में पोषण भी पढाई भी के महत्व का परिचय कराया गया। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईसीसीई गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये प्रशिक्षकों को प्रेक्टिकली जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आवश्यक संसाधन पीपीटी, वीडियो, प्रोजेक्टर, स्क्रीन, स्पीकर की मदद से प्रशिक्षण को सहज बनाया गया और कार्यकर्ताओं को सहजता से समझाया भी जा सका। साथ ही कार्यकर्ताओं को क्विज भी दिया गया, जो बच्चों के मस्तिष्क और उर्जा को परखने के लिये है। कोर्स डायरेक्टर कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अमृता कुजूर ने बताया कि भारत सरकार के पोषण भी पढ़ाई भी अभियान आंगनवाड़ियों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए नवचेतना, अनौपचारिक शिक्षा एवं दिव्यांगता चिन्हांकन से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है। इससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। नवचेतना के तहत जन्म से 3 वर्ष के बच्चों को सीखने, समझने एवं बाल मस्तिष्क विकास की संपूर्णता के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अनौपचारिक शिक्षा में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल-खेल में सहज, सरल तरीके से शालापूर्व तैयारी को सुद्रण करने के लिए इन तीन दिवसीय प्रशिक्षण में दिया जा रहा है इस कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती पुस्त कला वासनिक, सुशीला कावडे, धनवंता वरकड़े, सुलोचना रावते ,मनीषा पारधी, जागृति बघेल मास्टर ट्रेनर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## गर्मी की तीव्रता को देखते हुए बंद पड़े हैंडपंप को ठीक कराना अनिवार्य है



### जिपं की स्थायी समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**बालाघाट।** जिला पंचायत स्थायी समिति की बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत सभागृह में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्माण कार्यों के प्रगति को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रो के निर्माण एवं पुराने भवनो के उन्नयन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं जिला पंचायत सदस्यों ने अस्पतालों की व्यवस्थाओ को और अधिक बेहतर बनाने पर भी जोर दिया। जिस पर सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सुविधाओ को जनअनुरूप बनाने के पूरे प्रयास किये जाएंगे। बैठक में सभापति श्रीमती केशर बिसेन द्वारा टीबी मरीजों को पोषण किट वितरण के लिए रसीद काटकर निक्षय मित्र बनने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। उन्होंने साथी जिला पंचायत सदस्यों से भी अनुरोध किया कि वे भी निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की सेवा के लिए मिसाल कायम करें। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए शीघ्र कार्यवाही करने प्रस्ताव प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। वहीं जरुरत मरीजों को 108 वाहन की सुविधा समय पर उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया।बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री विक्रम सिंह ठाकुर, जिला आयुष अधिकारी मिलिंद चौधरी, आरएमओ डॉ. आसुतोष बांगरे, महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपमाला सोलंकी सहित स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### गर्मी में पीने के पानी की उपलब्धता बनाये रखना होगा

बैठक के दौरान बताया गया कि अब गर्मी तीव्र होने लगी है। आगामी समय मे गर्मी का स्तर और भी उच्च होगा। इसके लिए अनिवार्य है कि बंद पड़े हेंडपम्प को तत्काल ठीक किया जाए। इस कार्य के लिए लोक स्वास्थ्य एवं यंत्रिकी विभाग को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा भवन विहीन स्थानों के लिए आयुष विभाग, सभी विभागों के हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ समय सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अफसरों को, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं टीबी मुक्त भारत अभियान की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

## कोषालय का हुआ वार्षिक निरीक्षण

**ज्यूडिशियल व नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प का कलेक्टर ने किया अवलोकन**



**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शुक्रवार को जिला कोषालय का वार्षिक निरीक्षण कर रखी गई बहुमूल्य शासकीय सामग्री का अवलोकन किया। जिला कोषालय अधिकारी श्री अमित मरावी ने बताया कि कोषालय में ज्यूडिशियल व नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प, रेवेन्यू टिकिट, स्पेशियल एडेसिव, निर्वाचन सामग्री के अलावा प्रारंभिक पीएससी परीक्षा के पेपर तथा न्यायालयो द्वारा जब्त की गई बहुमूल्य सामग्री का अवलोकन किया गया। कलेक्टर श्री मीना ने निरीक्षण के दौरान एडीएम श्री जीएस धुर्वे को निर्देश दिए है कि अगर निर्वाचन सामग्री रखने का औचित्य नही है तो पुनः आयोग को भेजने की कार्यवाही करें। इसके अलावा पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के पेपर प्रकिया के तहत निपटान कराएं। जिला कोषालय अधिकारी श्री मरावी ने बताया कि पूर्व वर्षो में आयोजित हुई परीक्षाओं के पेपर है। जिसमें परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें है। वो पेपर रखें है। जो पिछले वर्षो के है। इसके लिए आयोग द्वारा माहाविद्यालयिन विद्यार्थियों को परीक्षा में आवश्यक सहयोग के लिए प्रदान करने के निर्देश है। कलेक्टर श्री मीना ने प्रकिया अपनाकर कार्यवाही सम्पन्न कराए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ सहित कोषालय विभाग के सहायक कोषालय अधिकारी व अमला मौजूद रहा।

**राजनीतिक उदासीनता का परिणाम**

## राजीव सागर परियोजना कटंगी कार्यालय छतरपुर होगा शिफ्ट

### किसानों को होगी सर्वाधिक परेशानी, शिकायत के लिए 100 किमी. का होगा सफर

**कटंगी।** बीते कुछ दिनों से बालाघाट जिले के ऐतिहासिक रेंजर कॉलेज के जबलपुर शिफ्ट होने की खबरें लगातार सुर्खियों में रही. जिले में रेंजर कॉलेज को यथावत रखने की मांग तमाम मंचों की तरफ से की जा रही है. वारासिवनी विधायक विवेक पटेल ने बकायदा जिले की जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए सदन के भीतर भी यह मुद्दा उठाया. इस बीच मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना राजीव सागर बांध के कटंगी कार्यालय को छतरपुर केन बेतवा लिंक परियोजना में विस्थापन किए जाने के आदेश जारी हो चुके है लेकिन इसका कहीं कोई विरोध होते हुए दिखाई या सुनाई नहीं दे रहा है. जबकि कार्यालय के विस्थापन के आदेश जारी हो चुके है. इस आदेश की जानकारी कुछेक किसानों को छोड़कर अधिकांश किसानों को नहीं है. दरअसल, इस कार्यालय को पहले भी दो बार विस्थापन किए जाने की कोशिश की गई लेकिन तत्कालीन विधायक के.डी.देशमुख ने कार्यालय के विस्थापन से किसानों को होने वाली समस्याओं का पूर्वानुमान लगाते हुए कार्यालय को यथावत रखने की मांग शासन के समक्ष पुरजोर तरीके से रखी. जिसके बाद सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा था. बहरहाल, अब इस कार्यालय को विस्थापन किए जाने की पूरी तैयारी हो चुकी है. 07 मार्च को जल संसाधन विभाग मंत्रालय ने विस्थापन के आदेश जारी कर दिए है. 04 अप्रैल तक इस कार्यालय में पदस्थ सिंचाई निरीक्षक और अमीन को छोड़कर सभी कर्मचारियों को छतरपुर कार्यालय में ज्वानिंग लेनी है. इस कार्यालय के विस्थापन के बाद किसानों और कर्मचारियों को कई तरह की परेशानी होगी. हमने कार्यालय के कर्मचारियों और किसान संगठन के पदाधिकारी से चर्चा की है. कटंगी कार्यालय के विस्थापन को राजनीतिक उदासीनता का एक बड़ा उदाहरण है. इस कार्यालय के विस्थापन के बाद पठार अंचल के किसानों को सर्वाधिक परेशानी होगी. उन्हें अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए करीब 100 किमी. दूर जिला मुख्यालय बालाघाट सर्वेक्षण संभाग के चक्कर काटने पड़ेगें. ध्यान रहे यह वहीं कार्यालय है जहां चुनाव जीतने के बाद विधायक गौरव सिंह पारधी बाजे-गाजे के साथ पहुंचे थे. उन्होंने तब दावा किया था कि वह लिफ्ट इरिगेशन के तहत राजीव सागर बांध का पानी नहलेसरा जलाशय की माइनर में पानी लाएगे. विधायक के लिफ्ट इरिगेशन के दावे पर कितना कार्य हुआ यह तो हम नहीं जानते. मगर, यह कार्यालय छतरपुर शिफ्ट हो रहा है इसके विभागीय आदेश जारी हो चुके है यह जरूर बता रहे है.




राजीव सागर बांध की नींव रखने के करीब 07 वर्ष बाद यानी आज से तकरीबन 43 वर्ष पहले कार्यालय की शुरुआत हुई थी. अब इस कार्यालय को छतरपुर शिफ्ट किया जा रहा है जिसका व्यापक असर कटंगी क्षेत्र के पठार अंचल के किसानों पर पड़ेगा. उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर तकरीबन 100 किमी. दूर सर्वेक्षण संभाग बालाघाट के चक्कर काटने पड़ेगें. नहरों का रखरखाव का कार्य भी प्रभावित होना लगभग तय है. वहीं कार्यालय के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को भी सर्वाधिक परेशानी होगी. वह यहां के स्थानीय निवासी है अब अचानक से करीब साढ़े 4 सौ किमी. दूर जाकर नौकरी करना बेहद मुश्किल वाला काम है. उनके यहां से जाने के बाद परिवार में पारिवारिक उथल-पुथल भी मच सकती है. वृद्ध माता-पिता और बच्चों के साथ छतरपुर जाना और वहां नौकरी करना इतना आसान नहीं है. उन्होंने कहा कि अभी करीब 200 करोड़ रुपए से राजीव सागर बांध के नहरों का कार्य होना बाकि है इस कार्य के बाद कार्यालय को विस्थापित करना चाहिए और तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी है उन्हें जिला मुख्यालय बालाघाट में ही विभागीय कार्यालय में पदस्थ करना चाहिए जहां पद रिक्त है. राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिलाध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर ने बताया कि कार्यालय का स्थानांतरण होने के बाद किसान आखिर जाएगा कहां यह सवाल बना हुआ है.

कार्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि बीते दिनों जब उन्हें इस बात की जानकारी मिली की कार्यालय शिफ्ट हो रहा है तो उन्होंने विधायक गौरव सिंह पारधी के संज्ञान में इस विषय को लाया और किस तरह से कर्मचारियों और किसानों को परेशानी होगी. उनके सक्षम अपनी बात रखी. इसके अलावा कर्मचारियों ने वरिष्ट अधिकारियों से तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को बालाघाट में ही पदस्थ कराने की मांग रखी है।

## लगभग 17 लाख रुपये के बचत का बजट सर्वसम्मति से पारित

### सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए नहीं दिया जायेगा रानी अवंतीबाई स्टेडियम





**वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी में शुक्रवार को हुई सामान्य सभा की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये आय व्यय का अनुमानित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें 44 करोड़ 93 लाख 27675 रूपये की आय में 44 करोड़ 76 लाख 43400 रूपये के व्यय के साथ 16 लाख 84 हजार 275 रूपये की बचत का प्रावधान किया गया है। बैठक में नेहरू चौक से हनुमान मंदिर सराफा बाजार तक डिवाईडर निर्माण एवं स्ट्रीट लाईट लगाये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। नेहरु चौक से सराफा बाजार हनुमान मंदिर तक बनेगा डिवाईडर बजट पर प्रतिक्रिया देते हुये नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे ने कहा कि इस वर्ष नगरपालिका का बजट बचत का बजट हैं। जिसमें परिषदको 16 लाख 84 हजार 275 रुपये की बचत होगी। वहीं रानी अवंती बाई स्टेडियम को सिर्फ खेल गतिविधियों के लिए दिया जायेगा, वहॉ पर किसी भी प्रकार के राजनीतिक या सामाजिक कार्यक्रमों के लिए अनुमति प्रदान नहीं करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया है। उन्होंने राजस्व वसूली की गति पर संतोष व्यक्त किया। वहीं नेहरु चौक से लेकर सराफा बाजार के हनुमान मंदिर तक डिवाईडर का निर्माण किया जायेगा।

### अवैध होर्डिंग पर लगा प्रतिबंध

मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिशा डहेरिया ने मीडिया के सवालों पर कहा कि परिषद द्वारा नगर में लगने वाले अवैध होर्डिंग के खिलाफ कठोर निर्णय लिया गया है। अब किसी भी प्रकार के होर्डिंग बिना नगरपालिका की अनुमति के नहीं लगाए जा सकेगे। होर्डिग लगाने के लिए सभी को विधिवत अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के होर्डिंग लगाने पर विधिवत नियमों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि नगर में रिक्त पड़ी हुई भूमि पर नगरपालिका द्वारा काम्प्लेक्स का निर्माण कर दुकानों की नीलामी की जायेगी, जिससे नगरपालिका की आय में वृद्धि होगी।

### बकायादारों के खिलाफ कुर्की की जायेगी

उन्होंने राजस्व वसूली के संबंध में कहा कि राजस्व वसूली का कार्य तीव्र गति से प्रारंभ हैं। जिन लोगों पर अधिक बकाया था, उनकी सूची सार्वजनिक की गई है। उनमें से अधिकांश बकायादारों ने राशि जमा कर दी हैं, जिन लोगों द्वारा राशि जमा नहीं की जायेगी, उनकी दुकानों में तालाबंदी की कार्यवाही की जायेगी। वहीं जिन लोगों ने घरों का टैक्स जमा नहीं किया हैं, उन बड़े बकायादारों के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जायेगी। निर्धारित समय के बाद नामांतरण के आवेदन पर लगेगा विलंब शुल्क उन्होंने एक सवाल के जवाब के जवाब में कहा कि अतिक्रमण के जो मामले पार्षदों द्वारा उठाए गए है, वह जमीन नगरपालिका की नहीं, नजूल कीहैं। इस संबंध में पत्राचार कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। इस वर्ष का नगरपालिका का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट बस स्टैंड का विस्तारीकरण हैं, जिसमें हम एक बड़ा शापिंग काम्प्लेक्स बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि नामांतरण शुल्क में वृद्धि की जा रही हैं। वहीं जिनके द्वारा निर्धारित समय के बाद नामांतरण के लिए आवेदन लगाया जायेगा, उनसे विलम्ब शुल्क भी लिया जायेगा। सब्जी बाजार में 8 बाई 10 फीट की जगह दी जायेगी दुकानदारों को परिषद की बैठक में सब्जी बाजार में दुकानों की खरीदी बिक्री का मामला पार्षदों द्वारा उठाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बैठक में पार्षदों ने इस बात को संज्ञान में लाया हैं। जिसके लिए बीट प्रभारी के माध्यम से दुकानदारों की सूची बनाई जायेगी और फिर अध्यक्ष व पार्षदों के साथ उनकी बैठक करवा कर एक नीति निर्धारित की जायेगी। जिसमें दुकानदारों को 8 बाई 10 फीट की जगह प्रदान की जायेगी। वहीं जो भी उचित होगा, वह निर्णय लिया जायेगा।

### बड़े दुकानदारों के अतिक्रमण भी शीघ्र हटाए जायेंगे

कुछ दिनों पूर्व गॉधी बाल उद्यान, जय स्तम्भ चौक व नेहरु चौक सहित अन्य स्थानों से हटाए गए अतिक्रमण के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में सीएमओ दिशा डहेरिया ने कहा की जिन दुकानदारों को हटाया गया हैं, उन्हें एक निश्चित स्थान पर विस्थापित भी किया गया हैं। जिन स्थानों पर यह दुकानें थी, उन स्थानों की जनता की ओर से शिकायतें आ रही थी और इनदुकानों के कारण सडक़ दुर्घटनायें भी हो रही थी। उन्होंने नगर में बड़े दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी हटाने की बात कही। स्टेडियम में लगेगी वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा-संदीप मिश्रा बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लोक निर्माण सभापति संदीप मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका का बजट नगर के विकास में अहम भूमिका निभायेगा। हमने इस बजट में किसी भी प्रकार का टैक्स जनता पर नहीं लगाया हैं। वहीं नगर कोसौन्दर्यीकृत करने के लिए नेहरु चौक से लेकर सराफा बाजार के हनुमान मंदिर तक डिवाईडर बनाकर उसमें स्ट्रीट लाईट लगाए जायेगे और उसके साथ ही नगर के मुख्य सडक़ मार्ग के दोनों ओर वृक्षारोपण कर गट्टू लगाकर मार्ग को सुसज्जित किया जायेगा। जिससे नगर का पर्यावरण व आबोहवा साफ सुधरी बनी रहें। उन्होंने बताया कि रानी अवंतीबाई स्टेडियम में प्रतीकात्मक रुप से वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया हैं। जिससे स्टेडियम का नाम सार्थक हो सके। यह रहे उपस्थित बैठक में अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति संतोष शिव, पार्षदों में संदीप मिश्रा, योगेन्द्र मोनू लिमजे, मदन धार्मिक, प्रवीण डोंगरे, धरमू जोशी, पवन धुर्वे, आशुतोष कोहाड़, श्रीमती मधु जायसवाल, श्रीमती रूकमणी बिसेन, श्रीमती रितु खरे, श्रीमती दीपा रूसिया, विधायक प्रतिनिधि अनीश बेग, मुख्य नगर पालिकाअधिकारी दिशा डहेरिया, उपयंत्री सुमित मोटवानी सहित नपा अमले के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।